Re: Restoration of operation of Okha-Dehradun train service to pre-covid period - laid

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्याoन एक अति महत्वकपूर्ण निम्नcलिखित विषय की ओर आकर्षित करता हूँ।

ओखा-देहरादून एक्सीप्रेस कोविड से पहले सप्ताnह में दो बार, अधिक भार क्षमता के साथ संचालित हुआ करती थी । लेकिन अब कोविड के पश्चासत इस ट्रेन का संचालन सप्तोह में एक बार किया गया है जिस कारण हरिद्वार और ऋषिकेश जाने वाले सौराष्ट्रा के तीर्थयात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

इस ट्रेन को पूर्ववत रूप से संचालित करने के साथ सप्ताजह में तीन बार संचालित करने के लिए जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तु त आवेदनों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि जनहित में इस ट्रेन को पूर्ववत रूप से संचालित करते हुए सप्ताह में तीन बार संचालित करने हेतु शीघ्र अनुमोदन प्रदान करें।